प्रेषक,

करूणेश कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक- 22 मार्च, 2021

विषय- जिला कारागार, आगरा में 30 क्षमता की 04 नग बैरक का निर्माण, केन्द्रीय कारागार, आगरा में 30 क्षमता की 08 नग बैरक सर्किलवाल सहित निर्माण एवं जिला कारागार, मथुरा में मेनवाल के पुनर्निर्माण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-6963/नम-1/2019, दिनांक-17.03.2021, पत्र संख्या-7113/नम-1/2020, दिनांक-17.03.2021 एवं पत्र संख्या-7114/नम-1/2019, दिनांक-17.03.2021 तथा प्रश्नगत कार्यों की मूल स्वीकृति विषयक शासनादेश संख्या-90/2019/958/22-4-2019-48(30)/19, दिनांक-09.12.2019 एवं शासनादेश संख्या-06/2020/105/22-4-2020-48(30)/19, दिनांक-05.02.2020 एवं 20 प्रतिशत की स्वीकृति विषयक शासनादेश संख्या-47/2020/124/22-4-2020-48(30)/19, दिनांक-24.12.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त शासनादेश दिनांक-09 दिसम्बर, 2019 एवं 05 फरवरी, 2020 तथा 24 दिसम्बर, 2020 द्वारा जिला कारागार, आगरा में 30 क्षमता की 04 नग बैरक का निर्माण, केन्द्रीय कारागार, आगरा में 30 क्षमता की 08 नग बैरक सर्किलवाल सहित निर्माण एवं जिला कारागार, मथुरा में मेनवाल के पुनर्निर्माण हेतु क्रमश रू0 306.05 लाख, रू0 615.88 लाख तथा रू0 654.94 लाख की लागत पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2019-20 में क्रमश: रू0 125.00 लाख, रू0 250.00 लाख एवं रू0 250.00 लाख तथा 2020-21 में क्रमश: रू0 61.21 लाख, रू0 123.18 लाख तथा रू0 129.19 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया जिला कारागार, आगरा में 30 क्षमता की 04 नग बैरक का निर्माण की अवशेष धनराशि में से प्रश्नगत निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत रू0 रू0 306.05 लाख की 20 प्रतिशत धनराशि रू0 61.21 लाख एवं केन्द्रीय कारागार, आगरा में 30 क्षमता की 08 नग बैरक का निर्माण सर्किलवाल सहित अवशेष धनराशि में से प्रश्नगत निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत रू0 रू0 615.88 लाख की 20 प्रतिशत धनराशि रू0 123.18 लाख तथा जिला कारागार, मथुरा में मेनवाल के पुनर्निर्माण की अवशेष धनराशि में से प्रश्नगत निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत रू0 645.94 लाख की 20 प्रतिशत धनराशि रू0 129.19 लाख अर्थात कुल

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

रू0 3,13,58,000/- (रूपया तीन करोड़ तेरह लाख अट्ठावन हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं :-

(1) स्वीकृत धनराशि का व्यय, वित्तीय हस्त-पुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय उसी मद में किया जायेगा।

(3) लेबर सेस की धनराशि का भुगतान श्रम विभाग को किया जायेगा।

(4) स्वीकृत धनराशि बैंक खाता अथवा पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।

(5) स्वीकृत धनराशि का उपयोग एवं कार्य निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कर लिया जाय।

4- प्रश्नगत योजना की मूल स्वीकृति विषयक शासनादेश दिनांक-09.11.2019 एवं 05.02.2020 में उल्लिखित शर्तें यथावत लागू रहेंगी।

5- इस निमित्त होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-80-सामान्य-051-निर्माण-03-कारागारों का उच्चीकरण,नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार -24-वृहत् निर्माण कार्य" के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वहन किया जायेगा तथा उक्त लेखाशीर्षक/मद के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-10/2020-बी-1-564/दस-2020-231/2020, दिनांक 29 सितम्बर, 2020 में प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

करूणेश कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-61/2021/428/22-4-2021-तद्दिनांकित-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) उ0प्र0, प्रयागराज।
(2) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, प्रयागराज।
(3) अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पुलिस आवास निगम लि0, लखनऊ।
(4) जिलाधिकारी, आगरा एवं मथुरा।
(5) वित्त नियंत्रक, कारागार मुख्यालय, लखनऊ।
(6) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(7) निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
(8) निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0 शासन।
(9) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
(10) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अजय कुमार तिवारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in